प्रादेशिक समाचार
दिनांक–11.11.2024 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- पहले चरण का चुनाव प्रचार आज शाम 5 बजे होगा समाप्त, 13 नवंबर को 43 विधानसभा सीटों पर डाले जायेंगे वोट ।
- एनडीए और इंडी गठबंधन के स्टार प्रचारकों की आज धुआंधार सभाएं, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष खरगे का भी दौरा।
- भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज दोपहर साढ़े बारह बजे मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में झारखंड भाजपा के कार्यकर्ताओं से करेगे संवाद
- हेलीकॉप्टर के माध्यम से आज पश्चिमी सिंहभूम, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और गढ़वा में 225 बूथों पर चुनाव कर्मियों को किया जाएगा रवाना ।
- राज्य में आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक एक अरब 76 करोड़ की अवैध सामग्री और नकदी की जब्ती की गयी

**********************

झारखंड में विधानसभा चुनाव के पहले चरण का चुनाव प्रचार आज शाम 5 बजे समाप्त हो जाएगा। इस चरण में 43 विधानसभा सीटों पर इस महीने की 13 तारीख को वोट डाले जायेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों के स्टार प्रचारक अपने अपने उम्मीदवारों के पक्ष में समर्थन जुटाने के लिए मतदाताओं को रिझाने के सभी प्रयास कर रहे हैं।

**********************

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार में तमाम राजनीतिक दलों के शीर्ष नेताओं ने अपनी ताकत झोंक दी है । भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दोहराया है कि भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार, सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के प्रति वचनबद्ध है। प्रधानमंत्री ने गुमला और बोकारो में जनसभाओं को संबोधित किया।

श्री मोदी ने अपने संबोधन में राज्य में कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रागी जैसे अनाज का उत्पादन और बिक्री बढ़ाने की योजनाओं की भी घोषणा की।

प्रधानमंत्री  ने रांची में विशाल रोड शो भी किया। इधर झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गढवा में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उनकी दोबारा सरकार बनेगी तो वे राज्य के गरीब लोगों के खाते में एक–एक लाख रूपये की राशि भेजेंगे।

महागठबंधन की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने हजारीबाग के गांधी मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने महागठबंधन के उम्मीदवार के पक्ष में वोट की अपील की । कल्पना सोरेन ने केंद्र पर आदिवासी पिछड़े और गरीब विरोधी होने का आरोप लगाया.

**********************

जामताड़ा जिले में आगामी 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में प्रत्येक मतदाता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

**********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

**********************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने निष्पक्ष चुनाव की प्रतिबद्धता दोहरायी है। रांची में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर के माध्यम से आज पांच जिले पश्चिमी सिंहभूम, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और गढ़वा में 225 बूथों पर चुनाव कर्मियों को रवाना किया जाएगा। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वे मतदान के लिए मतदाता पर्ची जरूर लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि अब तक एक अरब 76 करोड़ से अधिक की जबती आचार संहिता लागू होने के बाद से की गई है।

**********************

झारखंड विधानसभा चुनाव के राजनीतिक परिदृश्य पर आकाशवाणी समाचार की विशेष श्रृखंला में आज बात होगी खूंटी जिले की, जहां पहले चरण में 13 नवंबर को मतदान होना है।

**********************

अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होने वाले सभी अखबारों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रोड शो के साथ विधानसभा चुनाव की खबरों को अपनी सुर्खी बनाई है।
प्रभात खबर ने लिखा है – राजधानी में पीएम का रोड शो, एक घंटे में तय किया पिस्का मोड़ से रातू रोड चौक तक का सफर, सड़क से छत तक जमे थे लोग।
हिन्दुस्तान ने लिखा है– आज थम जाएगा 43 सीटों पर प्रचार, मतदान 13 को।
दैनिक जागरण की सुर्खी है– जमीन घोटाला मामले में शेखर कुशवाहा से जुड़े 48 बैंक खाते फ्रीज।
दैनिक भाष्कर ने लिखा है – आज शाम थम जाएगा चुनाव प्रचार, उम्मीदवार अब पहुंचेगे जनता के द्वार।

**********************